Stanford MEDICINE Children's Health

**HCAI मरीज़ बिलिंग विवरण संबंधी आवश्यक नवीनतम जानकारी**

**आपके अधिकार:** राज्य और संघीय कानून के अनुसार यह अपेक्षित है कि ऋण वसूलीकर्ता आपके साथ उचित व्यवहार करें और यह कानून ऋण वसूलीकर्ताओं को गलत बयान देने या हिंसा की धमकी देने, अश्लील या तिरस्कार करने वाली भाषा का प्रयोग करने, या आपके नियोक्ता सहित तीसरे पक्षों के साथ अनुचित रूप से संवाद स्थापित करने की मनाही करता है। असामान्य परिस्थितियों के सिवाए, ऋण वसूलीकर्ता आपसे सुबह 8:00 बजे से पहले या रात 9:00 बजे के बाद संपर्क नहीं कर सकते हैं। सामान्य तौर पर, कोई ऋण वसूलीकर्ता आपके वकील या पत्नी/पति के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को आपके ऋण के बारे में जानकारी नहीं दे सकता। ऋण वसूलीकर्ता आपके स्थान की पुष्टि करने या किसी निर्णय को लागू करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क कर सकता है। ऋण वसूली गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, आप संघीय व्यापार आयोग (Federal Trade Commission) से 1-877-FTC-HELP (328-4357) पर टेलीफोन द्वारा या ऑनलाइन www.ftc.gov पर संपर्क कर सकते हैं।

आपके क्षेत्र में, स्थानीय कानूनी सेवा कार्यालयों से गैर-लाभकारी क्रेडिट परामर्श सेवाओं के साथ-साथ उपभोक्ता सहायता उपलब्ध हो सकती है। रेफरल के लिए कृपया 'ग्राहक सेवा बिलिंग' विभाग से (800) 308-3285 पर संपर्क करें।

**तृतीय पक्ष कवरेज।** यदि आपके द्वारा 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' (Stanford Medicine Children's Health) में प्राप्त की गई सेवाओं के लिए आपके पास स्वास्थ्य बीमा, Medicare, Medi-Cal, या अन्य कवरेज है, तो कृपया 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' को सूचित करें। अगर आपके पास ऐसा कवरेज नहीं है, तो आप 'कैलिफोर्निया स्वास्थ्य लाभ आदान-प्रदान', 'कैलिफोर्निया बाल सेवाएँ' कार्यक्रम, अन्य राज्य- या काउंटी द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य कवरेज, या चैरिटी केयर के माध्यम से दी जाने वाली Medicare, Medi-Cal कवरेज के लिए पात्र हो सकते हैं। अगर आप Medi-Cal कार्यक्रम, 'कैलिफोर्निया स्वास्थ्य लाभ आदान-प्रदान' के माध्यम से दी जाने वाली कवरेज या अन्य राज्य या काउंटी द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य कवरेज के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो कृपया 'ग्राहक सेवा बिलिंग' विभाग से (800) 308-3285 पर संपर्क करें।

**आपके बिल का भुगतान करने में सहायता।** ऐसे मुफ्त उपभोक्ता परामर्श संगठन हैं जो आपको बिलिंग और भुगतान प्रक्रिया को समझने में मदद करेंगे। आप अधिक जानकारी के लिए 888-804-3536 पर 'स्वास्थ्य उपभोक्ता गठबंधन' (Health Consumer Alliance) को कॉल कर सकते हैं या

https://healthconsumer.org पर जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया 'ग्राहक सेवा बिलिंग' विभाग से (800) 308-3285 पर संपर्क करें।

**वित्तीय सहायता की उपलब्धता।** 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' के पास आपके स्वास्थ्य देखभाल बिलों का भुगतान करने के लिए गैर बीमित या अल्प बीमित और कुछ निम्न और मध्यम आय अपेक्षाओं को पूरा करने वाले हमारे मरीज़ों के लिए भुगतान प्लानों और चैरिटी केयर या छूट सहित कई प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं। हम यह निर्धारित करने में आपकी सहायता करेंगे कि क्या आप वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं या क्या ऐसे कार्यक्रम उपलब्ध हैं जो आपकी चिकित्सा सेवाओं का भुगतान करने में मदद कर सकते हैं। यदि किसी अन्य स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम के लिए आवेदन उसी समय प्रस्तुत किया गया है जब आप वित्तीय सहायता के लिए आवेदन जमा करते हैं, तो दोनों में से कोई भी आवेदन दूसरे कार्यक्रम के लिए पात्रता को नहीं रोकेगा। वित्तीय सहायता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए या स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य की वित्तीय सहायता नीति की प्रति प्राप्त करने के लिए, कृपया (800) 308-3285 पर कॉल करें या https://www.stanfordchildrens.org/en/patient-family-resources/financial-assistance-english पर जाएँ। यह जानकारी हमारी वित्तीय सहायता नीति के सामान्य भाषा में सारांश के साथ आपके बिलिंग विवरण के पीछे भी देखी जा सकती है।

**कीमत संबंधी पारदर्शिता।** 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' उपभोक्ताओं को उनकी देखभाल के बारे में सोचे-समझे निर्णय लेने में मदद करने के लिए, कुछ सेवाओं की लागत के बारे में जानकारी प्रदान करता है। हम 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' में प्रदान की गई 300 से अधिक सेवाओं के लिए मानक शुल्कों की सूची पोस्ट करते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएँ: https://www.stanfordchildrens.org/en/patient-family-resources/finance-assistance/cost-estimator

**अस्पताल बिल संबंधी शिकायत कार्यक्रम।** अस्पताल बिल संबंधी शिकायत कार्यक्रम (Hospital Bill Complaint Program) ऐसा सरकारी कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत अस्पताल के उन निर्णयों की समीक्षा की जाती है जो इस बारे में होते हैं कि क्या आप अपने अस्पताल के बिल का भुगतान करने में सहायता के लिए पात्र हैं। अगर आपको लगता है कि आपको गलत तरीके से वित्तीय सहायता देना अस्वीकार कर दिया गया है, तो आप अस्पताल बिल संबंधी शिकायत कार्यक्रम (Hospital Bill Complaint Program) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अधिक जानकारी और शिकायत दर्ज कराने के लिए HospitalBillComplaintProgram.hcai.ca.gov पर जाएँ।

**ध्यान दें:** अगर आपको अपनी भाषा में सहायता चाहिए, तो कृपया 650-497-8000 पर कॉल करें या किसी 'स्टैनफोर्ड चिकित्सा बाल स्वास्थ्य' स्थान पर जाएँ। दुभाषिया सेवाएँ 24/7 उपलब्ध हैं। विकलांग लोगों के लिए सहायताएँ और सेवाएँ, जैसे ब्रेल, बड़े प्रिंट, ऑडियो में दस्तावेज़ और अन्य सुलभ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप भी उपलब्ध हैं। TTY फ़ोन भी पहुंचनीय हैं। ये सेवाएँ मुफ्त हैं।